

# संस्कृति उत्सव 2023



## संस्कृति उत्सव 2023 प्रतियोगिता के लिए स्थान का चयन

जनपद का नाम

तहसील का नाम

ब्लॉक का नाम

ग्राम/नगर

राष्ट्रीयता

आवेदक का नाम

पिता का नाम

माता का नाम

मोबाइल नम्बर

आधार संख्या

जन्मतिथि

ईमेल आईडी

पूर्ण पता

लैंडमार्क

राज्य

पिन कोड

| आकाशवाणी/ दूरदर्शन का ग्रेड/श्रेणी | | विधा का नाम | | प्रस्तुति / पुरस्कार(अ./ रा./ प्रा./ स्था. ) का विवरण/ स्तर | |
|---|---|---|---|---|---|
| A हाई ग्रेड | ☐ | गायन | ☐ | अन्तर्राष्ट्रीय स्तर | ☐ |
| A ग्रेड | ☐ | वादन | ☐ | राष्ट्रीय स्तर | ☐ |
| B प्लस ग्रेड | ☐ | नृत्य | ☐ | राज्य स्तर | ☐ |
| B ग्रेड | ☐ | नाट्य | ☐ | अन्य | ☐ |
| अन्य | ☐ | अन्य | ☐ | | |

अन्य उपलब्धियां /विवरण (जो कलाकार की प्रतिभागिता हेतु आवश्यक हो अधिकतम 200 शब्दों में)

पीछे देखें...



# संस्कृति उत्सव 2023



पैन कार्ड संख्या

खाता संख्या

IFSC कोड

ब्रांच का नाम

बैंक का नाम

बैंक का पता

नियम एवं शर्तें

- 'संस्कृति उत्सव-2023' के अन्तर्गत आयोजित कराने वालीप्रतियोगिताओं का आयोजक संस्कृति विभाग, उ0 प्र0 तथा सहयोगी स्थानीय जिला प्रशासन होगा। 'संस्कृति उत्सव-2023' की प्रतियोगिताओं की नियम एवं शर्तें निम्नवत् हैः
- सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए जिसके लिये प्रतिभागी का आधार कार्ड मानक होगा।
- प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु सम्बन्धित जनपद का निवासी अपने ही जनपद के क्षेत्रान्तर्गत प्रतियोगिता स्थलों पर प्रतिभाग कर सकता है।
- प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है ।
- आनलाइन पंजीकरण संस्कृति विभाग द्वारा निर्धारित पोर्टल पर किया जायेगा।
- एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में प्रतिभाग कर सकता है।
- प्रतिभागी कलाकार दलनायक के रुप में अपने सभी सहयोगी कलाकारों का सम्पूर्ण विवरण यथा- नाम, पता, आधार कार्ड, मोबाईल नं०, पासपोर्ट साइज की दो फोटो अलग से प्रस्तुत करेंगे। यदि कोई कलाकार अन्य किसी दल के साथ सहभागिता करेगा तो उस कलाकार को दूसरे दल नायक के रुप में शामिल नहीं किया जायेगा ।
- सभी कलाकारों को संगत कलाकार व वाद्य यंत्रों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- देशभक्ति गीत, लोकगीत, लोकनृत्य, जनजातीय नृत्य एवं लोकवाद्य में केवल समूह प्रस्तुतियां होंगी, अन्य सभी विधाओं में सिर्फ एकल प्रस्तुतियां होंगी।
- सभी प्रतिभागी कलाकार एकल प्रस्तुति के अतिरिक्त सिर्फ एक समूह प्रस्तुति में भाग ले सकते हैं।
- प्रतिभागी कलाकारों के साथ संगत कर रहे संगतकार एक से अधिक दल के साथ संगत कर सकते हैं, लेकिन एक ही दल के साथ संगत करने वाले दलनायक को अतिरिक्त अंक दिये जायेंगे।
- प्रस्तावित विधाओं के अतिरिक्त कोई अन्य प्रस्तुति मान्य नहीं होगी ।
- देशभक्ति समूह गीत प्रस्तुति के दौरान प्रतिभागी अपने नियत स्थान पर ही बने रहेंगे और जब निर्णायक मंडल उन्हें निर्देशित करेगा तो वह अपनी पूर्व स्थिति में जा सकेंगे।
- शास्त्रीय नृत्य एवं लोकनृत्य में उस विधा से सम्बंधित मान्य वेश-भूषा अनिवार्य है। समूह प्रस्तुतियों हेतु भी गणवेश अनिवार्य है। वेश-भूषा का निर्धारण पृथक से सूचित किया जायेगा।
- सभी प्रस्तुतियां पारंपरिक और मर्यादित होनी चाहिए अन्यथा निर्णायक मण्डल द्वारा प्रस्तुति निरस्त की जा सकती है।
- प्रतिभागी/प्रतिभागी दल को अपनी प्रस्तुति से पूर्व प्रस्तुति का संक्षिप्त विवरण लिखित रुप में निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- किसी राजनीतिक दल, धर्म, संप्रदाय, जाति या व्यक्ति की भावनाओं को आहत करने वाली प्रस्तुतियां पूर्णतया प्रतिबंधित होंगी।
- एकल या समूह नृत्य में अग्निवर्धक व दुर्घटनाकारी सामग्रियों का प्रयोग प्रतिबंधित है।
- प्रतियोगिता स्थल पर केवल ध्वनि उपकरण ही आयोजक द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।
- एकल गायन व नृत्य की प्रस्तुति में अधिकतम 03 संगतकार मान्य होंगे।
- समूह गायन में संगतकार सहित न्यूनतम 06 और अधिकतम 08 होनी चाहिए।
- समूह नृत्य में संगतकार सहित कलाकारों की संख्या न्यूनतम 12 अधिकतम 15 होनी चाहिए।
- समूह वाद्य प्रस्तुति में कलाकारों की संख्या न्यूनतम 05 और अधिकतम 10 होनी चाहिए।

प्रस्तुतियों के निर्णय हेतु निर्धारित मानक अंक

| विधा | स्वर | लय/ताल | उच्चारण | वेश-भूषा | समग्र आंकलन | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गायन | 15 | 15 | 10 | 05 | 05 | | | 50 |
| वादन | 15 | 15 | 10 | 05 | 05 | | | 50 |
| एकल नृत्य | रिकार्डेड संगीत | लय/ताल | भाव-भंगिमा | वेश-भूषा | सहायक सामग्री | कोरियोग्राफी | समग्र आंकलन | |
| | 05 | 10 | 10 | 10 | 05 | 10 | 10 | 60 |
| समूह नृत्य | रिकार्डेड संगीत | लय/ताल | भाव-भंगिमा | वेश-भूषा | सहायक सामग्री | कोरियोग्राफी | समग्र आंकलन | |
| | 05 | 10 | 10 | 10 | 05 | 10 | 10 | 60 |

- गायन के दल में न्यूनतम 06 तथा अधिकतम 08 सदस्य होंगे, लोकनृत्य के दल में न्यूनतम 13 तथा अधिकतम 16 सदस्य होंगे, लोक नाट्य में न्यूनतम 20 तथा अधिकतम 25 सदस्य होंगे।
- प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी कलाकार दल के सदस्य दलनायक के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आनलाइन तथा आफलाइन आवेदन दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 तक मेल आई0डी0 upcultureutsav@gmail.com पर अवश्य प्रेषित कर दें। आवेदन का प्रारुप संस्कृति विभाग के पोर्टल https://upculture.up.nic.in/hi/sanskriti-utsav-2023 पर उपलब्ध होगा।
- संस्कृति विभाग द्वारा प्रतियोगिता की तिथियां एवं अन्य शर्तें विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध करायी जायेंगी हैं।
- प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नही हैं।
- प्रतियोगियों को प्रतियोगिता स्थल तक स्वयं अपने साधन से आना-जाना होगा।
- प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार दिये जायेंगे। सभी विजयी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र भी दिये जायेंगे।
- विभिन्न मण्डलीय प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को लखनऊ में सम्पन्न होने वाली अंतिम प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु द्वितीय श्रेणी का रेल किराया आरक्षण शुल्क सहित अथवा वास्तविक बस किराया देय होगा।
- लखनऊ में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ 'उत्तर प्रदेश दिवस' (दिनांक 24-26 जनवरी, 2024 ) के अवसर पर प्रस्तुति का अवसर भी दिया जायेगा तथा लखनऊ में आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम में विजयी कलाकार दल के सम्मिलित किये जाने पर आने-जाने का किराया, रहने, भोजन की व्यवस्था तथा उचित मानदेय भी यथा निर्धारित दिया जायेगा।
- आवेदक दल को केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन अथवा अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में कम से कम तीन आयोजनों में सम्मिलित होने का प्रमाण संलग्न करना होगा।
- समिति का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा तथा विवाद की स्थिति में संबंधित मण्डलायुक्त का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
- अश्लील नृत्य तथा गायन प्रतियोगिता को अयोग्य माना जायेगा तथा प्रस्तुति तुरन्त रोक दी जायेगी।
- जिस प्रतियोगिता में 5 से कम दलों के आवेदन प्राप्त हो उन्हें निरस्त कर दिया जायेगा परन्तु जनजातीय दलों में तीन दलों की प्रविष्टि के बाद भी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।
- सदस्य-सचिव प्रतियोगिता के फोटो और वीडियो प्रचार-प्रसार के लिए बनायेंगे उसकी एक कॉपी संस्कृति विभाग को भी उपलब्ध करायी जायेगी।
- सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र, विजेताओं को प्रमाणपत्र, मेडल, स्मृति चिह्न, निर्धारित पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।
- निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।
- आयोजन समिति आवश्यकतानुसार कोई भी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है, जो सर्वमान्य होगा ।

**आवेदक का हस्ताक्षर**